दिन–रविवार दिनांक– 07 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवादा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा–उनकी सरकार ने जनता से अब तक किए गए सभी वायदे पूरे किए हैं।

02. राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केन्द्र की एनडीए सरकार पर वादों को पूरा करने में नाकाम साबित रहने का आरोप लगाया।

03. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवा पेशेवरों से दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के प्रयास में सहभागी बनने की अपील की।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा और भागलपुर में हल्की बारिश की संभावना जताई।

अब समाचार विस्तार से.........

---

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन के नेता उनकी गारंटी से डरते हैं। आज नवादा के कुंती नगर में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष भ्रष्टाचार को बढावा देना और विकास को बाधित करना चाहता है। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जनता से अब तक किए गए सभी वायदे पूरे किए हैं।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य् विपक्षी दल देश को तोड़ना चाहते हैं क्योंकि वे नहीं चाहते कि संविधान पूरे देश में एकरूपता से लागू हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गरीग कल्याण योजना से पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से बिहार के गरीब लोगों के जीवन मे अभूतपूर्व बदलाव आया है।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी–गठबंधन के पास स्पष्ट दृष्टिकोण और विश्वसनीयता का अभाव है और उनका आपसी मतभेद सबके सामने है।

–––बाईट–––

इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में चहुमुखी विकास हो रहा है।

———बाईट———

इस अवसर पर एनडीए घटक दलों के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी जनसभा को सम्बोधित किया।

————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री की नवादा में आयोजित रैली पर कहा कि एनडीए के लोग मनोवैज्ञानिक रूप से डरे हुए हैं। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर बयान देते हुए कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार अपने वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हुई है।

———बाईट———

————————————————————————————

दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी कल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण की पांच सीटों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए पचपन प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये हैं। वहीं, इकतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं।

————————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे सारण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

सारण–छपरा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव गतिविधिया तेज़ हो गई हैं। यहां पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा । नतीजा 4 जून को आयेगा। क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। सभी स्थानों से पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटा दिए गए हैं। जिले में आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में मढ़ौरा प्रखंड में पदस्थापित शिक्षक राकेश प्रसाद के खिलाफ मढ़ौरा थाना में प्राथमिकता दर्ज की गई है। शिक्षक के खिलाफ

राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत मिली थी। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता का पालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि नए मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं ।

बाईट––डीएम 01

इधर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। नए मतदाता मतदान की प्रक्रिया और मताधिकार के महत्तव को समझने में काफी रुची ले रहे हैं।

बाईट––युवा मतदाता

छपरा लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के राजीव प्रताप रूडी और राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के बीच ही माना जा रहा है। प्रत्याशियों के साथ ही विभिन्न दलों और गठबंधन के नेताओं प्रचार अभियान शुरु कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा सारण से पवन कुमार सिंह

——————————————————————————

और आईये अब सुनते हैं गया संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

–––बाईट–––

ज्ञान और मोक्ष की भूमि के नाम से प्रसिद्ध गया लोकसभा क्षेत्र का चुनाव इस बार कई मायने में अलग है। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा महागठबंधन का घटक था, लेकिन इस बार स्थिति ठीक उलट है। इस बार हम एनडीए का घटक दल है। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित इस सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू के विजय मांझी चुनाव जीते थे। इस बार एनडीए में सीट बंटवारे के तहत गया हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के खाते में आई है। मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी इस बार चुनाव मैदान में हैं। श्री मांझी का मुकाबला राजद के कुमार सर्वजीत से हैं, जो बोध गया से विधायक हैं। बहुजन समाज पार्टी की सुषमा कुमारी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई हैं। इस सीट से कुल चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जीतन राम मांझी को इस सीट से दो बार हार का समना करना पड़ा है, लेकिन इस बार वे अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। श्री मांझी कहते हैं कि केन्द्र की एनडीए सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल का उन्हें लाभ मिलेगा। वहीं, कुमार सर्वजीत भी पूरे दमखम से चुनाव मैदान में हैं। वे बेरोजगारी और महंगाई समेत स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को गया में एनडीए के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भौगोलिक दृष्टिकोण से गया लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। शेरघाटी, बोधगया और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र जहां राजद के कब्जे में है। वहीं, गया टाउन और वजीरगंज विधानसभा क्षेत्रों पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, बाराचट्टी में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की विधायक हैं। नक्सल प्रभावित गया संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर केन्द्रीय अर्द्ध सैनिकों की तैनाती की जा रही है।
आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

——————————————————————————

समस्तीपुर जिले में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में पुनास ग्राम पंचायत के महादलित टोला सहित विभिन्न स्थानों पर स्वीप की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

——————————————————————————

शेखपुरा के आरडी कॉलेज मोड़ के पास चलाए जा रहे विशेष वाहन जाँच अभियान के दौरान पुलिस ने दो युवकों के पास से तीन कारतूस बरामद किया है।

——————————————————————————

भागलपुर में शत प्रतिशत मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भारत स्कॉट और गाइड भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————

राज्य के अपन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनन्द शर्मा ने वैशाली के हाजीपुर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को प्रशिक्षित किया।

———————————————————————

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवा पेशेवरों से दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के प्रयास में सहभागी बनने की अपील की है। आज बोधगया में भारतीय प्रबंधन संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान विद्यार्थी और युवा ही भारत का भविष्य हैं। श्री धनखड़ ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे भारत की विकास–गाथा में नया अध्याय लिखने के लिए अपने कौशल और प्रतिभा का उपयोग करें। इससे पहले, उप–राष्ट्रपति ने दीक्षान्त समारोह में एमबीए के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, भारतीय प्रबंधन संस्थान– बोधगया के अध्यक्ष उदय कोटक और निदेशक विनीता सहाय भी उपस्थित थे। उप–राष्ट्रपति ने बोधगया में विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

———————————————————————

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना समेत कई जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि इस दौरान राज्य के दक्षिणी और दक्षिणी मध्य भागों में तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इधर, पटना समेत राज्यभर में उत्तरी पछुआ हवा चलने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है।

———————————————————————

मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवादा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा–उनकी सरकार ने जनता से अब तक किए गए सभी वायदे पूरे किए हैं।

02. राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केन्द्र की एनडीए सरकार पर वादों को पूरा करने में नाकाम साबित रहने का आरोप लगाया।

03. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवा पेशेवरों से दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के प्रयास में सहभागी बनने की अपील की।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा और भागलपुर में हल्की बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————

समाप्त हुआ।